बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 175/2022

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 08.10.2022 तक अवधि विस्तार करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 (सत्र 2022–23) में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले पंजीकृत छात्र/छात्रा का समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर मूल पंजीयन कार्ड एवं परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र अपलोड करते हुए **दिनांक 15.09.2022 से 25.09.2022 तक** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु अवसर प्रदान किया गया था। **छात्रहित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 08.10.2022 तक अवधि विस्तार किया जाता है।** शेष अन्य शर्तें पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 166/2022 के अनुसार यथावत् रहेंगी।

2. इस क्रम में यह भी सूचित किया जाता है कि पूर्व में दिये गये अवसरों के बावजूद यदि किसी छात्र/छात्रा के जारी **मूल पंजीयन कार्ड में अंकित उनके नाम, माता/पिता के नाम, फोटो, जन्म तिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, विषय आदि में अभी भी त्रुटि रह गई है, तो प्रथमतः इसमें संबंधित विद्यालय के प्रधान के द्वारा समिति के पोर्टल पर ऑनलाईन सुधार किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि छात्र/छात्रा एवं उनके माता/पिता के नाम में किसी भी परिस्थिति में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में यह पाया जाता है कि त्रुटि संशोधन के क्रम में किसी छात्र/छात्रा की पूर्ण पहचान बदल दी गई है, तो उनका पंजीयन रद्द किया जा सकता है तथा संबंधित विद्यालय प्रधान की जवाबदेही निर्धारित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।** उल्लेखनीय है कि दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं को विज्ञान के स्थान पर संगीत एवं गणित के स्थान पर गृह–विज्ञान की परीक्षा में शामिल होना होता है। दृष्टिबाधित छात्र/छात्रा से तात्पर्य है कि वैसे छात्र/छात्रा जो दोनों आँखों से देखने में सक्षम नहीं है। ऐसे छात्र/छात्राओं के मूल पंजीयन कार्ड की कंडिका–8 में निर्दिष्ट कोटि का उल्लेख है। यदि इस कोटि में त्रुटि हो, तो इसका अनिवार्य रूप से विशेष ध्यान देकर निर्धारित अवधि में संशोधन करा लेना आवश्यक है। **तत्पश्चात् संशोधित/परिशुद्ध पंजीयन विवरणी के आधार पर परीक्षा आवेदन भरने की कार्रवाई दिनांक 08.10.2022 तक की जाएगी।**

3. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे छात्र/छात्रा जिनका पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन भरा गया है, परन्तु शुल्क विद्यालय के प्रधान द्वारा जमा नहीं किया गया है, तो बकाया पंजीयन शुल्क की राशि भी **दिनांक 08.10.2022 तक** जमा कर दें, अन्यथा उनका प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं भी किया जा सकता है, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय के प्रधान की होगी।

4. **स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जायेगा। जिन विद्यालयों की मान्यता/संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जायेगा। साथ ही किसी भी परिस्थिति में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान छात्र/छात्रा एवं उनके माता–पिता के नाम तथा अन्य विवरणी के स्थान पर अंग्रेजी के वर्ण यथा– A, B, C, AB, BC, X, XY, XYZ आदि छद्म एवं बेनामी नाम/डमी आंकड़ें की प्रविष्टि नहीं की जाएगी। ऐसा पाये जाने पर इस तरह के परीक्षा आवेदन को रद्द करते हुए विद्यालय प्रधान के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।**

5. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्पलाईन नं0–0612–2232074** अथवा E-mail ID : **bsebsehelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)

SKY LIGHT STUDY

प्रभात खबर Mon, 26 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70285354